

विराट-अनुष्का के रिश्ते पर सवाल

कार्तिक ने इंटरव्यू का जो एक छोटा सा हिस्सा शेयर किया है इसमें उन्होंने पत्नी अनुष्का शर्मा से हुई अपनी पहली मुलाकात से जुड़ी कहानी भी सुनाई है। कोहली ने कहा कि शुरुआत में मैं अनुष्का के साथ मजाक करता था। अनुष्का ने कहा कि यह पहली बार हुआ, जब मैंने किसी को उन चीजों के बारे में मजाक करते देखा, जो मैंने अपने बचपन में देखा या सुना करते थे। यही हमारे रिश्ते के बीच का कनेक्शन था।

## ओलिंपिक के बीच ही क्रिकेट का महासंग्राम भी शुरू हो रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस वक्त पूरे देश में तोक्यो ओलिंपिक का खुमार चढ़ा हुआ है। ओलिंपिक के बीच ही क्रिकेट का महासंग्राम भी शुरू हो रहा है। भारत बनाम इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज बुधवार से शुरू होने वाली है। उससे पहले क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने भारतीय कप्तान विराट कोहली से बातचीत की। दिनेश कार्तिक ने उनसे कुछ दिलचस्प सवाल किए और कप्तान कोहली ने भी उसी तर्ज पर जवाब भी दिए। दिनेश कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस इंटरव्यू से जुड़ा एक छोटा सा अंश साझा किया है। कार्तिक ने कैप्शन में लिखा है कि यह हफ्ता कितना अच्छा रहेगा। क्रिकेट के सुपरस्टार से पिता बनने तक, उनसे जिंदगी, लीडरशिप और प्यार को लेकर बात की। कोहली ने कहा कि पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में हर दिन आपको निरंतर जुनून और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रयास करना पड़ता है। साथ ही खुद को यह फील करना होता है कि मैं कड़ी मेहनत करना चाहता हूं।

# वर्ल्ड चैंपियन बेल्जियम ने भारत को 5-2 से हराया

**तोक्यो ओलिंपिक**

## अभी भी ब्रॉन्ज मेडल जीत सकती है मनप्रीत एंड कंपनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को तोक्यो ओलिंपिक 2020 खेलों के सेमीफाइनल मुकाबले में वर्ल्ड चौंपियन बेल्जियम के खिलाफ 2-5 से हार का सामना करना पड़ा है। मनप्रीत सिंह (इंदचतममज`पदही) की कप्तानी वाली टीम इंडिया अब ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलेगी। ऐसे में उसके पास पोडियम फिनिश करने का अभी भी मौका है।



**49 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंची थी टीम इंडियाः** भारतीय टीम 49 वर्ष बाद ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब वह ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में पराजित होने वाली टीम से कांस्य पदक के लिए भिड़ेगी।

भारत की तरफ से हरमनप्रीत सिंह (सातवें) और मनदीप सिंह (आठवें मिनट) ने गोल किये जबकि बेल्जियम के लिये अलेक्सांद्र हैंड्रिक्स (19वें, 49वें और 53वें मिनट) ने तीन जबकि लोइक फैनी लयपर्ट (दूसरे मिनट) और जॉन जॉन डोहमेन (60वें मिनट) ने एक गोल किया।

भारत ने आखिरी बार मास्को ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन वह म्यूनिख ओलंपिक 1972 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा था। मास्को ओलिंपिक में मैच राउंड रोबिन आधार पर खेले गए थे।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने देखा मैचः** पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत और बेल्जियम के बीच सेमीफाइनल मुकाबले का जममकर लुत्फ उठाया। पीएम ने ट्वीट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने मैच से पहले हॉकी टीम को शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया।

**हैंड्रिक्स की हैट ट्रिकः** हैंड्रिक्स ने बेल्जियम को पेनाल्टी स्ट्रोक के सहारे चौथा गोल दागा। इस दौरान हैंड्रिक्स ने हैटट्रिक पूरी की। भारतीय टीम इस समय 2-4 से पीछे है। भारतीय खिलाड़ी वापसी की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही है।

**बेल्जियम ने दागा तीसरा गोलः** बेल्जियम को चौथे क्वॉर्टर में हैंड्रिक्स ने बढ़त दिलाई। पेनाल्टी कॉर्नर के सहारे हैंड्रिक्स ने बेल्जियम की ओर से तीसरा गोल किया। इस समय बेल्जियम की टीम 3-2 से आगे है।

**मनप्रीत सिंह को ग्रीन कार्डः** कप्तान मनप्रीत सिंह को ग्रीन कार्ड दिखाया गया। उन्हें दो मिनट बाहर रहना होगा। बेल्जियम को 8वां पेनाल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अमित रोहिदास ने हैंड्रिक्स को सही तरीके रोका। हालांकि बॉल उनके पैर पर लगी। और अब बेल्जियम को 9वां पेनाल्टी कॉर्नर मिला। भारतीय खिलाड़ी लगातार गलतियां कर रहे हैं और बेल्जियम को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला। तीसरे क्वॉर्टर में कोई गोल नहीं हो सका।

# भारत ने तोक्यो ओलिंपिक के 12वें दिन हार से शुरुआत की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने तोक्यो ओलिंपिक के 12वें दिन हार से शुरुआत की। भालाफेंक महिला एथलीट अन्नु रानी कुछ खास कमाल नहीं कर सकीं। भारतीय हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ शुरुआत अच्छी की लेकिन आखिर तक वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी। मनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इंडिया को अंतिम 4 के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। वहीं युवा रेसलर सोनम मलिक ने भी दिल तोड़ दिया। सोनम पहले मुकाबले में ही हार गईं।

भारत की महिला पहलवान सोनम मलिक को 62 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल वर्ग के अपने पहले ही मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। माकुहारी मेसे हॉल-ए के मैट बी पर राउंड ऑफ-8 मुकाबले में सोनम का सामना मंगोलिया की बोलोरतुया खुलेरखराउंड से हुआ, जिसे बोलोरतुया ने जीता। अंतिम समय तक स्कोर 2-2 था लेकिन बोलोरतुया को सेकेंड पीरियड में एक साथ हासिल दो अंकों के आधार पर विजेता घोषित किया गया।

सोनम ने पहले पीरियड की समाप्ति तक 1-0 की लीड ले रखी थी। दूसरे पीरियड में भी सोनम ने एक अकं हासिल किया और 2-0 की लीड हासिल कर ली। बोलोरतुया ने हालांकि दूसरे पीरियड में एक साथ दो अंक लेकर बाजी मार ली।

### फाइनल में जगह बनाने से चूकीं अन्नु रानी

भारत की अनु रानी तोक्यो ओलंपिक खेलों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाईं। अनु रानी 54.04 मीटर के निराशाजनक प्रदर्शन के साथ 14वें स्थान पर रहीं।

अनु ने 14 खिलाड़ियों के ग्रुप ए में 50.35 मीटर भाला फेंककर शुरुआत की और अपने दूसरे प्रयास में 53.19 मीटर की दूरी तय की। इस 29 वर्षीय एथलीट को 12 खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाने के लिये बेहतरीन प्रदर्शन करने की जरूरत थी लेकिन वह 63 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन संख्या के करीब भी नहीं पहुंच पाईं। अनु का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 63.24 मीटर है जो उन्होंने इस साल फेडरेशन कप में हासिल किया था।

## आत्मविश्वास से लबरेज बॉक्सर लवलीना की नजर इतिहास रचने पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) तोक्यो ओलिंपिक में पहले ही पदक सुरक्षित कर चुकी हैं। बुधवार को लवलीना सेमीफाइनल में तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली से भिड़ेंगी। लवलीना इस मुकाबले को जीतकर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मुक्केबाज बनने की कोशिश करेंगी। असम की 23 वर्षीय लवलीना इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी हैं। वह पदक पक्का कर पहले ही विजेंदर सिंह (2008) और एम सी मैरीकॉम (2012) की बराबरी कर चुकी हैं। लवलीना का पदक पिछले नौ वर्षों में भारत का मुक्केबाजी में पहला पदक होगा लेकिन उनका लक्ष्य अब फाइनल में पहुंचना होगा जहां अभी तक कोई भारतीय नहीं पहुंचा है। राष्ट्रीय टीम के कोच मोहम्मद अली कमर ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, यह मुकाबला दोपहर बाद होगा और इसलिए हम पिछले दो दिनों से दोपहर बाद ही अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ये दोनों मुक्केबाज इससे पहले एक दूसरे से नहीं भिड़ी हैं और वे दोनों एक दूसरे के खेल के बारे में नहीं जानते हैं।

## न्यूज डायरी



### वीरेंद्र सहवाग ने किया ऐसा ट्वीट, फैन्स के उड़े होश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। समय-समय पर वो मजाकिया और तंज कसते हुए ट्वीट करते रहते हैं। कुछ देर पहले ही वीरू ने ऐसा ही एक ट्वीट किया है जिससे उनके फैंस सोच में पड़ गए हैं। लोग उनके ट्वीट पर तरह-तरह के कमेंट भी आ रहे हैं। वीरेंद्र सहवाग ने एक ट्वीट में लिखा है कि मेरा फोन शॉवर में गिर गया है। जब तक ये ठीक नहीं होता आप 9112083319 पर मुझसे बात कर सकते हैं। फैंस उनका ये ट्वीट देखकर चौंक गए और पूछ रहे थे कि क्या वाकई ये आप का पर्सनल नंबर है। इसके बाद यूजर्स ने इसी नंबर पर कॉल भी किया। लोगों ने इसके स्क्रीन शॉट्स भी डाले। जहां पर ये नंबर वीरेंद्र सहवाग का नाम लिखकर आ रहा है। इसके अलावा कई यूजर्स इस नंबर को अलग-अलग करके भी देख रहे हैं। 9112083319 फैंस इसको इस तरह से देख रहे हैं। 319 उनका टेस्ट का स्कोर है। कुछ यूजर्स ने लोगों ने बताया कि ये उनकी कुछ बेस्ट इनिंग्स थीं।

### इंग्लैंड दौरे पर रवाना हुए सूर्यकुमार यादव और पृथ्वी साव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और ओपनर पृथ्वी साव इंग्लैंड में विराट कोहली एंड कंपनी के साथ जुड़ने के लिए मंगलवार को इंग्लैंड रवाना हो गए। भारतीय टीम मेजबान इंग्लैंड के साथ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला टेस्ट मैच बुधवार से नॉटिंघम में खेला जाएगा। सूर्यकुमार ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर दी। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलने वाले सूर्यकुमार ने ट्विटर पर फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, अगला पड़ाव इंग्लैंड। ओपनर शुभमन गिल, ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर और अवेश खान के चोटिल होने के बाद सूर्यकुमार और युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव को इंग्लैंड से बुलावा आया था। सूर्यकुमार और पृथ्वी श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा थे। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार और पृथ्वी का इंग्लैंड में तीसरे टेस्ट से पहले खेलना मुश्किल लग रहा है।

### पुजारा ने एक खास तरीके से खेलकर अपनी पहचान बनाई है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने दबाव का सामना कर रहे चेतेश्वर पुजारा का एक छोर पर डटे रहने के लिए समर्थन किया है लेकिन कहा कि अगर भारतीय टीम को लगता है कि उनका खेलने का तरीका काम नहीं कर रहा है तो वह 'किसी और' को आजमा सकते हैं। मजबूत डिफेंस और तकनीक के लिए पहचाने जाने वाले पुजारा को खराब गेंदों पर रन नहीं बना पाने के कारण हाल के वर्षों में आलोचना का सामना करना पड़ा है। उन्हें हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान भी आलोचना का सामना करना पड़ा था। गावस्कर ने वर्चुअल कॉफ्रेंस के दौरान कहा, 'पुजारा ने एक निश्चित तरीके से खेलने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाई है, उसे उस तरीके पर विश्वास रखना होगा।

### लोकेश राहुल लेंगे मयंक की जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नॉटिंघम। इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच चार अगस्त से होना है। पांच टेस्ट मुकाबलों की इस श्रृंखला से पहले भारतीय टीम को झटका लगा है। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अपने ही खिलाड़ी की गेंद पर चोटिल हो गए। प्रैक्टिस के दौरान मोहम्मद सिराज की शॉर्ट गेंद सिर पर लगने से चोट लगने के कारण वह पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। मयंक की गैरमौजूदगी में लोकेश राहुल को सलामी बल्लेबाज के तौर पर मौका मिल सकता है। राहुल ने ज्यादातर टेस्ट मैचों में पारी का आगाज किया है लेकिन इन दिनों वह मध्य-क्रम में खेलना पसंद करते हैं। टीम में सलामी बल्लेबाजी का एक और विकल्प बंगाल के अभिमन्यु ईश्वरन है। इंग्लैंड दौरे पर गए भारतीय गेंदबाजों में सिराज सबसे तेज गेंदबाजी करते है।